राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

संख्या–43/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने डॉ० भीमराव अम्बेदकर के जन्म दिवस के अवसर पर उन्हें नमन किया

पटना, 14 अप्रैल, 2025 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने भारतरत्न डॉ० भीमराव अम्बेदकर के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पटना हाई कोर्ट से पश्चिम अवस्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं श्री विजय कुमार सिन्हा, अन्य मंत्रीगण तथा गणमान्य लोगों ने डॉ० भीमराव अम्बेदकर को श्रद्धांजलि दी।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन एवं गीत प्रस्तुत किए गए।

....